मुळा एड्युकेशन सोसायटी

कला, वाणिज्य व विज्ञान महाविद्यालय, सोनई

ता.नेवासा, जिला- अहमदनगर

भूतपूर्व छात्रा का विशेष कार्यकर्तृत्व

दि. -09 मार्च 2018

समय - सुबह 10.00 बजे

हिंदी विभाग की भूतपूर्व छात्रा कु.सविता शिंदे का सितंबर 2017 में भारत के सशस्त्र सीमा बल (S.S.B) में परीक्षा के द्वारा चुनाव हुआ। इस सैन्य दल में पूरे भारत से 452 लड़कियों को चुना गया। जिसमें महाराष्ट्र की केवल 29 लडकियाँ शामिल है। इन चुने हुए लड़कियों का 18 माह का प्रशिक्षण हिमाचल प्रदेश के सपडी (CTC) में हो रहा है।

सविता शिंदे के इस उपलब्धि पर 09 मार्च 2018 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.शंकर लावरे जी ने उसका उचित सम्मान करते हुए उसका अभिवादन किया। हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ.श्वेता चौधारे जी तथा संपूर्ण विभाग की ओर से कु.सविता शिंदे के इस यश पर उसे बधाई दी गई। इस अवसर पर सविता शिंदे ने अपने अनुभव व्यक्त करते हुए विशेषतः लड़कियों को शिक्षा द्वारा यश पाने के लिए उद्युक्त किया।